१६.	डेस्क, बेंच सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	
१७.	कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव से सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	

नियम एवं शर्तें- १- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। २- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं। ३- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। ४- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। ५- सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा ५० रूपये के स्टाम्प पेपर पर बाण्ड भरना अनिवार्य होगा, तदोपरान्त आपूर्ति जारी किया जायेगा। ६- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा। ७- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में, रजिस्ट्रेशन विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकरदाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। ८- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू. डी. की स्वीकृत दर से अधिक न हो। ९- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा की जानी अनिवार्य होगी। १०- सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। ११- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार हथोहस्ताक्षरी का होगा।

श्रीमती केवलपत्ती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मवई
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

नरेन्द्र कुमार
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मवई
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/२०२०-२१, दिनांक.....

अमृतवाणी

गृह कलह राजा को भी ले डूबती है। --सुभाषित

चीन को बेपर्दा करने की कोशिश

किसी देश की गलती पूरी दुनिया भुगते यह उस देश का अपराध है। इस विषय पर पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने एक तरह से जनमत जुटाने की कोशिश की। उसका यह कदम सही है, लेकिन तब जब दुनिया भी इस विषय पर गम्भीरता से विचार करे और प्रत्युत्तर में कार्रवाई करने के निर्णय के स्तर तक पहुंचे। लेकिन यदि वह इसके विपरीत उस देश को मसीहा की तरह से देखने या अपनाने के लिए विवश दिखे तो इसे क्या नाम दिया जाए-पाप, अन्याय अथवा भय? यदि कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था ऐसे देश को अपराध की सीमा से परे जाकर रणनीतिक विजेता का खिताब प्रदान कर दे, तो उसके लिए फिर कौन सा विशेषण प्रयुक्त होना चाहिए? लेकिन हम तो यह प्रश्न कर ही सकते हैं कि क्या यह उच्च स्तरीय डिप्लोमैसी है या फिर षड़्यंत्र? एक प्रश्न यह भी है कि जवाब कौन देगा? वह जिस पर आरोप लगाया जा रहा है अथवा वह जो खामियाजा भुगत रहे हैं? शायद एक भी नहीं, बल्कि इसे विपरीत दोनों ही सवाल पूछने वाले की गर्दन में फंदा डालने के लिए एक अवधारणा विकसित करेंगे और फिर उसे दोषी बताकर या तो खत्म कर देंगे अथवा महत्वहीन करार दे देंगे। अभी तो यह बात चीन के विषय में कही जा रही है लेकिन इसकी परिधियों इससे कहीं बहुत ज्यादा विस्तृत हैं। लेकिन वैश्विक शक्ति के संचालकों और अंतरराष्ट्रीय गेम प्लेयरों की सेहत पर भी इसका कोई असर पड़ेगा?रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) नामक संस्था प्रेस की स्वतंत्रता सम्बंधी इंडेक्स तैयार करते समय यह पूछ रही है कि क्या दुनिया चीन की गलती की सजा भुगत रही है? क्या कोरोना वायरस पर चीन ने सूचनाएं छिपाई हैं? क्या उसने प्रेस को रोका है? और इसी वजह से आज पूरी दुनिया इस आपदा का शिकार हुई है? हालांकि इस संस्था ने तो एक दृष्टि से अपना फैसला सुना दिया है क्योंकि उसने प्रेस की स्वतंत्रता के हालात पर दुनिया का जो मानचित्र जारी किया है और प्रेस की प्रास्थिति के हिसाब से देशों और क्षेत्रों को अलग-अलग रंगों से दर्शाया गया है। ये रंग हैं- सफेद, पीला, गाढ़ा पीला, लाल और काला। अगर नार्डिक देशों को छोड़ दें तो कोई भी देश सफेद रंग का प्रदर्शन नहीं करता इसलिए हम यह मानकर चल सकते हैं कि प्रेस स्वतंत्र हैसियत के मामले में एक्सीलेंट इन देशों के अतिरिक्त और कहीं नहीं है। अधिकांश क्षेत्र लाल रंग से दर्शाया गया है जिसका मतलब है कि ये देश की प्रेस की स्वतंत्रता की दृष्टि श्खराबश् स्थिति वाले हैं। लेकिन चीन को काले रंग से दिखाया गया है, जिसका मतलब है कि चीन में हालात श्बेहद खराबश् हैं। मुझे लगता है कि चीन में प्रेस की हैसियत के बारे में जो भी इस संस्था का अध्ययन है, उस पर किसी को कोई संशय नहीं है लेकिन उसकी वैश्विक औसत हैसियत भी कोई अच्छी नहीं है यह चिंता का विषय अवश्य होना चाहिए। रही बात चीन की तो वह वही जानकारी प्रेस के जरिए देता है जो वह देना चाहता है। उदाहरण के तौर पर 11 मार्च, 2020 को जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 को महामारी घोषित किया तो उस दिन चीन ने वीचौट जैसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और समाचार देने वाले एप्स पर इस वायरस से जुड़े बहुत सारे कीवर्ड्स को सेंसर कर दिया ताकि लोग इस बारे में ऑनलाइन बात ना कर सकें। यही नहीं, दिसम्बर 2019 में वुहान में जब कुछ डॉक्टर्स ने इस वायरस के बारे में बताना चाहा तो प्रशासन ने न सिर्फ उन्हें रोका बल्कि उन्हें अफवाहें फैलाने के आरोप में प्रताडित़ भी किया। बाद में इन्हीं में से एक डॉ. ली वेनलियांग की इसी कोरोना वायरस से मौत हो गई। चीन के सरकारी अखबारों, जैसे- पीपुल्स डेली, चाइना डेली अथवा ग्लोबल टाइम्स आदि, वुहान में मरते हुए लोगों की तकलीकों और स्थितियों की जानकारी देने की बजाय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रोपेगंडा के प्रचार में लगे रहे। उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मसीहाई तस्वीरें तो दिखाईं लेकिन तड़पते हुए लोगों के बारे में कुछ भी नहीं बताया। कुछ समय बाद ही हांगकांग से छियान ने अपने एक लेख में लिखा कि, पिछले दो महीने से चीन एक बड़े स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है और बहस हो रही है कि क्या शुरुआती चरण में जानकारी को छिपाया जाना इसकी एक वजह है। वहीं पीपुल्स डेली को देखकर लगता है कि उसे कुछ सुनाई ही नहीं दे रहा है। इसका मतलब तो यही हुआ कि चीन ने जानबूझ कर, न कि अनजाने या लापरवाही में, पूरी दुनिया को खतरे में डालने का काम किया। फिर तो यह उसका अक्षम्य अपराध हुआ? अगर कुछ अध्ययनों पर ध्यान दें तो यह बात निकलकर आती है कि चीन की कम्युनिष्ट पार्टी और शासक चूंकि इस हैसियत में है कि जानकारी देने वाले स्रोतों को रोक सकते हैं और यह तय कर सकते हैं कि कौन सी तथा कितनी जानकारी बाहर जानी चाहिए या कौन सी नहीं। इसके बाद उनकी कोशिश होती है कि वे प्रत्येक स्थिति में यह सुनिश्चित करें कि अफ्रीका में टीवी पर क्या दिखाया जाएगा क्या नहीं। लोग क्या शेयर करें और क्या नहीं। ऐसा नहीं कि यह काम अकेले चीन ने किया है यह काम तो अमेरिका और पश्चिमी दुनिया के कई देश करते रहे हैं। अमेरिकी मिलिट्री इण्डस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स और पेंटागन तो स्वयं यह तय करते रहे हैं।

लॉकडाउन के दौरान जिलों के भीतर और अंतरजिलों में गतिशीलता

कोविड-19 से संक्रमित मामलों और प्रतिदिन होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हो रही है। फिर भी संतोष करने वाली बात यह है कि भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जहां प्रति मिलियन लोगों में कोरोना संक्रमण की दर सबसे कम है। अभी भी लगभग 50 प्रतिशत जिलों और 70 प्रतिशत तालुकों में एक भी कोरोना संक्रमण का मामला दर्ज नहीं हुआ है। साथ ही, सामाजिक-आर्थिक आधार पर अत्यधिक पिछड़े क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किए गए तालुका और गांवों में कोरोना संक्रमण के मामले उन तालुका और गांवों से अधिक नहीं है जिन्हें विकसित क्षेत्रों की श्रेणी में रखा गया है। फिर भी इस बात को वस्तुतरू आत्मसंतोष का झूठा भाव नहीं देना चाहिए क्योंकि अभाव का कष्ट संक्रामक नहीं है लेकिन कोरोना विनाशकारी है। सरकार न केवल महामारी से होने वाली मौतों से लोगों को बचाने, बल्कि लॉकडाउन की बजह से पैदा हुए आर्थिक आपातकाल से निपटने के उपाय भी कर रही है। प्रभावित लोगों के मामले में राज्य सरकारों की प्राथमिकता यह है कि आर्थिक रूप से कमजोर आबादी की पहचान कर उन्हें भोजन, राशन, पेंशन और अन्य नकद हस्तांतरण जैसे आपातकालीन लाभ प्रदान किए जा सकें। ग्रामीण संदर्भ में, रबी फसलों की कटाई और इनकी बिक्री पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए तथा दूरस्थ क्षेत्रों से पशुपालन, वानिकी और पोल्ट्री प्रोडक्ट्स आदि का उत्पादन बनाए रखना चाहिए ताकि लोगों की क्रय शक्ति को बनाकर रखा जा सके।निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों को सहयोग की आवश्यकता है जिन्हें 20 अप्रैल से कुछ शर्तों के साथ शुरू किया गया है। अंतर-औद्योगिक और मार्केटिंग लिंकेज को देखते हुए, जब तक अंतर-जिला और अंतरराज्यीय संचार को एक सीमित सीमा तक अनलॉक नहीं किया जाता तब तक उपरोक्त को पूरा करना मुश्किल होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए, जिसमें रबी की फसल की बिक्री और खरीफ की बुवाई भी शामिल है, आसान बनाने के लिये वस्तुओं की आवाजाही की सुविधा होनी चाहिए। महत्वपूर्ण बात यह है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल पर समझौता किए बिना और श्रमिकों की आवाजाही की सुविधा दिये बिना यह व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती। यह बताना उचित है कि इस वर्ष बागवानी उत्पादन 313 मिलियन टन और गेहूं उत्पादन 109 मिलियन टन होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष के उत्पादन से अधिक है। अगर मंडियों को तुरंत नहीं खोला गया तो गेहूं की कीमतें काफी नीचे गिर जाएंगी। यदि अंतर-राज्यीय और राज्यांतरिक के परिवहन की प्रभावी व्यवस्था नहीं बनाई गई तो बागवानी उत्पाद के मामले में भी यही होगा। हम अंतरराज्यीय प्रवासियों की कठिनाई के साथ शुरू कर सकते हैं, जो बेरोजगार हो गए हैं और कुछ बड़े शहरों जैसे महाराष्ट्र, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि में केंद्रित हैं। यह सच है कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उन्हें कुछ सुविधाएं प्रदान की गई हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं। इसमें और सुधार की आवश्यकता है और भविष्य में या निकट भविष्य में उन्हें आजीविका प्रदान करने का प्रयास किया जाना चाहिए ताकि वे वापस न जाने का विकल्प चुन सकें। इन प्रवासियों में से अधिकांश के लिए, हालांकि, कोविद-19 एक शहरी विपत्ति है, जिससे बचने के लिए लोग सैकड़ों किलोमीटर भूखे-प्यासे रहकर पैदल अपने शरणस्थल या घर तक पहुंचना चाहते हैं। दूसरी ओर, कोविद के बारे में जनता की सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता उन्माद के साथ है, जो वर्तमान समय की विशेषता है। बिना परीक्षण के, शिक्षित लोगो्ंय के द्वारा भी किसी भी व्यक्ति को अछूत समझा जा रहा है, कोई भी व्यक्ति किसी अजनबी से मदद की उम्मीद नहीं कर सकता। इन परिस्थितियों में, अंतर क्षेत्रीय यात्रा के लिए एक सुरक्षित और प्रबंधनीय प्रोटोकॉल आवश्यक है। इन मुश्किलों के कारण प्रवासियों में से एक बड़ा वर्ग कृषि गतिविधियों के लिए कम से कम कुछ महीनों के लिए अपने गांव वापस जाना चाहता है।मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कार्य करने वाली एक गैरसरकारी संस्था द्वारा बड़वानी एवं सरगुजा जैसे सुदूर आदिवासी जिलों में जमीनी स्तर पर एक त्वरित सर्वे कर महानगरों से वापिस आने वाले प्रवासियों का आंकलन किया। इस आंकलन के अनुसार प्रति जिला वापिस आने वाले प्रवासियों की औसत संख्या लगभग 2000 है। यदि बाहर फंसे इन जिलों के प्रवासी नागरिकों को वापिस आने का विकल्प दिया जाए तो बड़ी संख्या में लोग वापिस आना चाह रहे हैं। दिल्ली से 600 किमी की दूरी पर स्थित मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के लगभग 25000 प्रवासी कुछ दूरी तक वाहन की सहायता से और शेष दूरी पैदल चलकर घर पहुंचे हैं। निरूसंदेह, उनको अपने गांवों में वापिस लाने में जोखिम है, यात्रा के दौरान संक्रमित होने या प्रभावित होने पर उन्हें उचित चिकित्सा एवं देखभाल सुविधा न मिल पाने की चिंतायें भी हैं। सवाल यह है कि क्या उन्हें जोखिम के साथ वर्तमान स्थिति में रखना उचित है, अनियोजित तरीके से उन्हें बड़े स्थानों पर रखना, उनको भोजन उपलब्ध कराना और राहत के तौर पर धन मुहैया कराने का तरीका, जो भारी भीड़ बढ़ाता है, कोई कम जोखिम भरा नहीं है। इसके अलावा मजदूरों की कमी के कारण रबी फसल की कटाई और विपणन न होने के फलस्वरूप ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंच रहा है। क्या यह संभव नहीं है कि जिन जिलों में कोरोना का प्रभाव नहीं है उन जिलों के प्रवासियों को मेडिकल परीक्षण के बाद ट्रेनों, बसों और अन्य वाहनों द्वारा सुरक्षित रूप से घर पहुंचाया जा सके? क्या केंद्र सरकार उन्हें अपने वर्तमान प्रवास स्थानों जैसे उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, ओडिशा इत्यादि राज्यों में चरणबद्ध तरीके से 8 से 10 ट्रांसशिपमेंट पॉइंट्स (वाहन बदलने का स्थान) से निर्धारित मार्गों से पहुंचा सकती है। एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया जा सकता है जिसमें प्रवासी अपने गंतव्य स्थान का नाम, निकटतम रेलवे स्टेशन, जिला एवं ब्लॉक का विवरण आदि जानकारी भरेगा। इस जानकारी के आकलन के आधार पर तारीख, समय, बस, ट्रेन या कार के विवरण सहित ई-परमिट जारी किया जा सकता है। आईआरसीटीसी और बस बुकिंग व्यवस्था के साफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव के साथ इस प्रक्रिया को आसानी से लागू किया जा सकता है और बड़ी मात्रा में गैराज में खड़ी बसों और यात्री ट्रेनों का उपयोग उन्हें घर पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक प्रवासी यात्री को एक कोविड हेल्थ कार्ड जारी किया जाये, जिसमें आधार कार्ड नंबर या किसी अन्य पहचान पत्र का विवरण होना आवश्यक है। यात्रा प्रारम्भ करने से पहले स्वास्थ्य जांच की जाये और जांच रिपोर्ट के परिणाम कार्ड में दर्ज किये जायें। राज्य एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी प्रवासी मजदूरों के आगे की यात्रा की योजना बना सकते हैं, जहां पहुंचने पर उनकी फिर से स्वास्थ्य जांच की जा सकती है। इस व्यवस्था को बनाने में राज्य स्तर पर वित्तीय कठिनाइयों को देखते हुए, केंद्र सरकार को आवश्यकतानुसार राज्यों को सहयोग करना होगा। लक्षण, यात्रा विवरण, धंधा आदि के आधार पर प्रवासियों को कई श्रेणियों में बांटा जा सकता है और 5 से 15 दिनों की अवधि के लिए उन्हें संगरोध (चरेंटाइन) किया जा सकता है। स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों, खाली पड़े भवनों आदि को प्रवासियों को चरेंटाइन करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। यदि प्रवासी में कोरोना संक्रमण के कोई लक्षण नहीं है तो आधार कार्ड के साथ दिये गये स्वास्थ्य प्रमाण पत्र पर अनुमति देकर गांव जाने दिया जाये, हालांकि पंचायत को ऐसे व्यक्तियों के निगरानी करनी पड़ेगी। संदिग्ध मामलों को इलाज के लिए राज्य के सुविधायुक्त शहरों के अस्पतालों में भेजा जा सकता है। चरेंटाइन अवधि पूरी करने के बाद, लोगों को उनके गांव जाने की अनुमति दी जा सकती है। उनका नाम, पता और मोबाइल नंबर सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की एजेंसियों को भेजे जा सकते हैं। रोजगार हेतु इच्छुक प्रवासियों के अनुरोध के आधार पर, जिले के अंदर यात्रा के लिए ई-परमिट जारी किया जा सकता है। परमिट जारी करने के लिए कुछ शुल्क भी लिया जा सकता है जिसका उपयोग सार्वजनिक और निजी दोनों एजेंसियों द्वारा आयोजित परिवहन प्रणाली को सब्सिडी देने के लिए किया जा सकता है। लौटे हुए प्रवासियों के स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज विवरण नियोक्ताओं को बिना किसी हिचकिचाहट के मजदूरों की सेवाएं लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा, इसके अलावा गांवों के स्तर पर भी संदेह, भय, संघर्ष और हिंसा के माहौल को ठीक करने में मदद मिलेगी। पहले ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से पटरी पर वापस लाने की आवश्यकता है।

चीन की हर गतिविधियों पर रखनी होगी नजर

वुहान का सच छुपाकर पूरी मानवता को लम्बे खतरे में डालने वाले चीन ने भारत के साथ अपनी चालबाजी जारी रखी है। चीन द्वारा इस आपातकाल में भारत को जो 6.5 लाख रैपिंड टैस्ट किट भेजी गई है वह गुणवत्ता विहीन है। यही नही इसके पूर्व इसके द्वारा कई अन्य राष्ट्रों में भेजे गए मास्क को लेकर यह तथ्य सामने आया था उक्त मास्क महिलाओं के उपयोग किए गए कपड़ों से बनाए गए है। यानि चायना इस आपदा की घड़ी में अपनी चालबाजी से बाज नही आ रहा है। हालांकि उसकी इन चालबाजियों के खिलाफ अमरीका सहित कई देशों ने मोर्चा खोल दिया है। इससे चीन सरकार बौखला भी रही है। अप्रत्यक्ष रूप से वह धमकी भी दे रही है। चायना सरकार विश्व के अलग अलग देशों से किये जा रहे सवाल का सुस्पष्ट जबाब न देकर गोलमाल जबाब दे रहा है। जबकि चायना के बुहान से शुरू हुआ यह मौत का खेल रूकने की बजाए पूरे विश्व में बढ़ता ही जा रहा है। कोरोनावायरस महामारी को लेकर अब चीन पर दुनिया के देशों का दबाव बढ़ाना शुरू हो गया है। अमेरिका के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी कोरोना महामारी से निपटने में चीन की भूमिका को लेकर सवाल उठाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने कोरोनावायरस के नियंत्रण और रोकथाम में चीन की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए वायरस के उत्पन्न होने और फैलने को लेकर एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय जांच की मांग कर चुका है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मैरिस पाइन के मुताबिक चीन की पारदर्शिता को लेकर उनकी चिंता बहुत महत्वपूर्ण है। देश वैश्विक महामारी को लेकर जांच चाहता है जिसमें वुहान में कोरोना के पहले मामले आने के बाद चीन के रेस्पॉन्स की भी जांच होनी चाहिए। निश्चित तौर पर विश्व में सर्व शक्तिशाली बनने की चाहत में चीन लगातार मानवता विरोधी मानसिकता का परिचय देता आ रहा है। चीन के वुहान के वेट मार्केट से शुरू हुआ कोरोनावायरस दुनिया में कहर मचा रहा है. अब तक 26 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं जबकि एक लाख 1,82,770 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। ऐसे में वायरस की उत्तपत्ति और रोकथाम को लेकर चीन के उठाए गए कदमों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी सवाल कर चुके हैं। अमरीका जैसा शक्तिशाली देश इस हमले से इतना घबराया हुआ है कि कोरोना महामारी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन को कठघरे में खड़ा कर चुके है। ट्रंप ने चीन पर बीमारी को लेकर गलत और भ्रामक जानकारियां देने और चीन पर कोरोना के संक्रमण के खतरे की गंभीरता को छुपाने का आरोप लगा चुके है। ट्रंप तो डब्लूएचओं की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उसकी फंडिंग रोक दी है। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि चीन ने अपने देश में हुई मौत के आंकड़ों के दुनिया से छुपाया है। ट्रंप तो चीन को धमकी दे चुके है कि अगर यह पाया गया कि चीन कोरोना महामारी फैलाने के लिए जिम्मेदार है और उसे इसकी जानकारी थी तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। चीन पर कोरोनावायरस को लेकर चौतरफा दबाव बनता जा रहा है. इससे पहले ब्रिटेन और फ्रांस ने भी कोरोनावायरस को लेकर चीन की पारदर्शिता पर सवाल उठाया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमनिक राब ने कड़े शब्दों में कहा कि चीन को बताना होगा कि कोरोना महामारी कैसे फैली और उसे रोकने की क्या कोशिश हुई ? जबकि फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युल मैक्रों ने चीन के दावों पर संदेह जताते हुए कहा कि चीन में कोरोना से निपटने में ऐसा बहुत कुछ हुआ है जिसकी जानकारी किसी को नहीं है। हालांकि चीन लगातार आरोपों से इनकार कर रहा है कि लेकिन वुहान में हुई मौतों के आंकड़ों में संशोधन के बाद से दुनिया चीन को शक की निगाह से देखने लगी है। अब ऐसी स्थिति में भारत के सामने यक्ष प्रश्न उस समय खड़ा हो गया जब विपदा के समय चीन ने भारत को जो रैपिड टेस्टिग किट के फेल साबित हुई। पूरे विश्व के साथ भारत को ऐसे में चीन की हर अगली गतिविधियों पर नजर रखनी होगी। ज्ञात हो कि अमेरिका की बर्कले यूनिवर्सिटी में शोध कर रहे एक चीनी वैज्ञानिक को चीन द्वारा इस वायरस के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ को दी गई रिपोर्टों की जांच में कुछ गड़बडिय़ां मिलीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी वक्तव्यों में वही बात कही जा रही थी, जो चीन कह रहा था। संगठन द्वारा बार-बार चीनी वक्तव्यों को दोहराते देख शुरू में तो उसे कुछ अजीब-सा लगा। अब हमें पता चल गया है कि यह बयान पूरी तरह गलत था। इस विश्वव्यापी महामारी ने दुनिया भर में अभूतपूर्व लॉकडाउन कराया है और अब तक इससे डेढ़ लाख से भी अधिक लोग मर चुके हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था भारी संकट में है। ऐसे में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब इसके लिए सारा दोष विश्व स्वास्थ्य संगठन पर मढ़ दिया है। यह कुछसीमा तक सही भी है, क्योकि यह एक विश्व विख्यात संस्था के साख का मामला था। इस विरोध के बाद 20 जनवरी को पहली बार चीनी अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से यह माना कि कोरोना वायरस मानवों में भी फैल सकता है। उसके कुछ ही दिनों बाद वुहान में लॉकडाउन कर दिया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस संक्रमण का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है उसके बाद यही कहा जाएगा कि कुछ भी हो, यदि चीन ने जान-बूझकर इस समस्या पर परदा डाले रखा, तो इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन की गलती नहीं कह सकते। बेशक हम संगठन के सदस्य देशों से पारदर्शिता का व्यवहार चाहते हैं, लेकिन यदि कोई सदस्य किसी कारण ऐसा नहीं करता है, तो यह पता लगाना असंभव भले न हो, मुश्किल अवश्य है, और इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन कुछ नहीं कर सकता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की कमजोरी यही है कि सूचनाओं के लिए वह सदस्य देशों पर निर्भर है। उसकी जो टीम फरवरी में जांच के लिए चीन गई थी, उसने यही किया। संगठन के महानिदेशक का यह भी कहना है कि वह सदस्य देश को नाराज नहीं करना चाहता, जो चीन के साथ-साथ तमाम देशों के संबंध में सच है। बुहान के सच छुपाने के बाद अन्य देशों को चीन द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले घटिया मास्क और रैपिड टेस्टिंग किटों केव्यापार के बाद इतना तय है कि अब भारत ही नही पूरे विश्व को चीन की हर गतिविधियों पर नजर रखनी होगी। इसलिए जरूरत अब इस बात की है कि चीन में जो कुछ हुआ, उसकी पूरी जांच की जाए।

कोरोना की त्रासदी, लॉक डाउन और हमारा समय

कोराना वायरस की सूचना दिसंबर, 2019 में पहली बार सामने आई थी। फिर उसकी भयावहता के चरण धीरे-धीरे बढ़े और एक समय वह आया जब समूचे भूमंडल में उसका कोहराम छा गया। यह भी देखने में आया कि कोई वैभव, ऐश्वर्य और सत्ता, पैसा-रुपया किसी भी तरह काम नहीं आया। धार्मिकता से ओतप्रोत मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, चर्चय जिनका विराट वैभव लोगों के दिलों में रहा है, वे भी सहम गए। हमारे सामाजिक साहचर्य और संपर्क की विविधताएं सिमटने लगे। कोराना वायरस का कहर, भय उसके मूल में था। हम सभी जान लें कि धर्म हमारी व्यक्तिगत आस्था की चीज है। वह न तो कोई वैभव है, न प्रदर्शन, न कोई विशेष प्रकार की दुनिया। पहली बार शिद्दत के साथ प्रकट हुआ कि मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहींय आस्था का कोई मरकज नहींय समाज-सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं। यह सिद्धांतों में खूब कहा गया। उसका आदर्श लोक भी रहाय लेकिन वह हमारे जीवन-व्यवहार में प्रकट नहीं हुआ। यह भी साबित हुआ कि हम क्षुद्र स्वार्थों की खोहों में घूम रहे हैं और अहंकार के अंधलोक में टनटना रहे हैं। हमारे धर्म, मजहब में जो कर्तव्यबोध और आचरण संसूचित किए गए हैं, उन्हें हमने अपनी जड़ताओं से पाट दिया है। स्वार्थों के झंझावात में हमारी भक्ति के उस रसायन को नफरत, विद्वेष और अनैतिकता के शिलाखंडों में बदल दिया गया। हमारी सामाजिक संरचनाओं में बहुत तेजी के साथ परिवर्तन आए। यही नहीं, भक्ति के अर्थ-संबंध भी बदल गए। जब परिवर्तन घटित होते हैं तो वे सामाजिक संरचना को तो बदलते ही हैं, हमारी धर्म-संरचना को बाहर भी परिवर्तित करते हैं और भीतर भी। आपदा है या महामारी है, मैं इसे भीषण त्रासदी के रूप में देखता हूं। जो अपने को शक्तिशाली मानते थे, वे घुटनों-घुटनों आ गए। अपने बचाने के लिए वे एक भयावह युद्ध-युद्ध चिल्ला रहे हैं। वह इसलिए कि उनकी शक्तिशाली लीलाएं ढीली और बेकार हो गई हैं। विकास के नारे लगाते-लगाते, बंकर ध्वंस करने वाली स्मार्ट सिटी, बुलेट प्रुफ की गुहार लगाते-लगाते वे स्वयं निरीह हो गए। सच मानिए, अस्पतालों में इक्विपमेंट की बेहद कमी, लॉकडाउन के दौर में जितना इंतजाम किया गया, वह अपर्याप्त साबित हुआ। अफरा-तफरी, भागम-भाग, भूख-प्यास, रहने के बंदोबस्त व्यापक जीवनचर्या की ठोस कार्रवाई की मांग करते हैं। क्या हुआ, समूचा गर्जन-तर्जन कम हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप की मात्रा बहुत तेज गति से बढ़ी है। कहा जा रहा है, नफरत का खेल मत खेलिएय जो अपराधी हैं उन्हें दंडित किया जाएगा। क्यों, अमेरिका का गुमान टूट गया! सबका भ्रम चकनाचूर है। जो घर जाने के लिए बेचौन हैं, उनके पास कुछ दिनों के लिए भी इंतजाम नहीं है। बहुत सारे लोग हैंय जिनके खान-पान और परिवहन के साधन हैं, कपड़े-लत्ते हैं, फिर भी बेबस हैं। इस महामारी में लॉकडाउन के साथ सोशल डिस्टेंस भी चाहिए। गरीब को क्या चाहिए, खाने रहने की थोड़ी सुविधाएं। रहीम का एक दोहा याद आ रहा हैकृ श्चाह गई, चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाहध्जिनको कछु न चाहिए, वे साहन के साह। हमारे लोक में, जीवन में सामाजिक-सांस्कृतिक सुरक्षा हेतु कुलदेवी, कुलदेवता के नए-नए सांचे भी बने। हम अपने जीवन में आश्वस्ति चाहते हैंय सबका कल्याण चाहते हैं। इसलिए इस तरह की तमाम चीजें तलाशकर निश्चिंत होने की ख्वाहिश रखते हैं। हमारी सामाजिक जरूरतें निरंतर समय-समय पर बदलते हुए अपनी कार्रवाई करती हैं। इस परिवर्तन-यात्रा में कितना पानी बह चुका है! सामाजिक संरचना और उसके मूल स्वरूपों में परिवर्तन घटित हुए तो धर्म-संरचनाओं में भी जटिलताएं पनपीं और स्वार्थी तत्वों ने उन्हें अपने लाभ-लोभ के लिए मनुष्यता को बार-बार रौंदा। हमारी धार्मिक भावनाओं में यदि विवेक न हो तो स्वार्थी तत्व आस्था के नाम पर कितने आवरणों में छिपकर तहस-नहस करते हैं। गालिब का एक शेर इस दुर्दांत समय और महत्वाकांक्षाओं में बार-बार सामाजिक-सांस्कृतिक विकास और मनुष्यता को खंडित करता हैय हमारी आत्मा को तोड़ता है और स्वार्थ के भयावह रूप रचता हैकृ श्उम्र भर गालिब भूल ये करता रहाध्धूल चेहरे में थी, साफ आईना करता रहा। प्रश्न है कि हम किसको क्या कहें। हम मंदिर, मस्जाद और गुरुद्वारे में उलझे रहेय हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समाज के संदर्भों को उछालते रहेय जनता को इन टोनों-टोटकों में उलझाए रहे और स्वार्थ की सुरंग खोदते रहे। हमारे जीवन के, समाज के असली मुद्दे ध्वस्त होते रहे। देश में ही नहीं, समूची दुनिया मानवता के असली रास्ते से भटकती रही और हम राजनीतिक परिदृश्य को, जनकल्याण को ध्वस्त करने में तल्लीन रहे। कोराना वायरस की महामारी से चारों ओर से घिरकर अपाहिज होने और किंकर्तव्यविमूढ़ होने के बाद जब समझ आया कि हमें कोई नहीं बचा सकता तब हमारा ध्यान स्वास्थ्य संस्थान सेवाओं, सुविधाओं की तरफ गया। कालांतर में सरकारी अस्पताल संस्थान, डॉक्टर, नर्स, सफाई अमले, पुलिस, फौज की तरफ गया। जिनको हम महत्वहीन मानते थे, उनसे ही हमारे जीवन-कल्याण के तमाम रास्ते खुलते नजर आए। कोरोना का मुकाबला करने के लिए हमारे देश और दुनिया कोई दवा नहींय कोई खास इच्पिमेंट नहीं। हम तो राजनीतिक रोटियां सेंक रहे थेय सरकारें बना बिगाड़ रहे थे। जो पैसा हमने विशालकाय, भारी भरकम मूर्तियां गढ़ने में, राजनीति चमकाने में लगाया था, काश स्वास्थ्य संस्थान ठीक किए होते! अभी तो आगे चलकर हमें शिक्षा की खराब स्थितियों के बारे में रोना-कलपना होगाय चरित्र की हत्या और भ्रष्टाचार की लीलाओं में फंसे देश-दुनिया के लिए छाती पीटने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। देश में भागम-भाग जारी है। पता नहीं, कौन कहां भाग जाना चाहता हैय किल्लतें सबकी कुंडी उखाड़ रही हैं। एक अच्छी बात यह है कि सरकार द्वारा इंतजाम अपनी सीमाओं में काफी किए गए। अव्यवस्था ने बार-बार पोलें खोलीं। कुछ गड़बड़ी लोग हैं, उन्हें कहीं भी खोंस कर चाहो तो पूरे कौम को बदनाम कर दो। कहना है कि जिन्होंने गड़बड़ी की है, उन्हें ठीक करो। अभी भी जहर की खेती जारी है। इस सबके बावजूद जिन्होंने सेवा की, स्वास्थ्य-सेवाएं बड़ी मेहनत और लगन से कीं, उन्हें सलाम करने की बलवती इच्छा बनी हुई है और बनी रहेगी। घृणा फैलाने वाले लोग लिंक्स बनवाए हुए हैं। उनका अपना धंधा है। घृणा फैलाए बगैर उनका खाना नहीं पचता। फराक गोरखपुरी ने सच कहा हैकृ श्जब तक न ऊंची हो जमीर की लौध्आंख को रोशनी नहीं मिलती।श् हम विपत्तियों से जूझ रहे हैं और वे जहर की फैक्ट्री खोलकर बैठे हैं। कमियां बेहिसाब हैंय लेकिन अपनी कूबत भर जो किया जा रहा है, उसे कम नहीं आंकना चाहिए। कोरोना वायरस के काल में जितना उत्पादन राजनीति के इलाके में हुआ, उतना ही उमड़-घुमड़कर कविता और और साहित्य लिखा गया। लॉक डाउन के दौर में निराशाएं भी उपजीं। मैं देश के लोगों के धैर्य की परीक्षा को बहुत इज्जत के साथ देखता हूं। पहले तीन हफ्ते, फिर 19 दिन कृ लगभग तीन हफ्ते और। खेती-किसानी ठप्प। छोटे-छोटे लोग यानी रोज-रोज कमाने-खाने वाले किस तरह जी रहे हैं! सब अपने-अपने घरों में लगभग बंद हैं। कोरोना टाइम लेगा। और रोगों की तरह वह भी जड़ से जाएगा या नहीं? सभी लोग चिंताओं के भंवर में हैं। हम केवल उम्मीद कर रहे हैं। कहना यह है कि सत्ता के नशे के बावजूद एक दुनिया है। धर्म आस्थाओं और दिखावों के बावजूद भी एक जिजीविषा भरी दुनिया है। कोरोना ने सबको अपनी असली जमीन भी दिखा दी। उसने यह भी संदेश दिया कि ज्यादा न उड़ोय संसार की वास्तविकता के इलाके भी अनुभव करो। कोई दवाई नहींय कोई एंटीबॉयटिक नहीं। कोरोना-त्रासदी में भी एक बारीक बुनावत है। पूरी जिम्मेदारी जैसा हो या नहींय आधा-अधूरा ही सहीय न से तो बेहतर है। हां, उसे जिम्मेदारी जैसा दिखना चाहिए और वैसा ही बरतना भी चाहिए। संकट का काल होता ही ऐसा है कि जो है जैसा है, किसी-न-किसी रूप में चलता रहे। ताबड़तोड़ कार्रवाइयां हो रही हैं। कुछ-न-कुछ होगाय कुछ-न-कुछ होना है। सामान्य जन को हर हाल में रोना है। उनकी जीवन-रेखाओं में कुछ इसी तरह की लकीरें खिंची हैं। भ्रष्टाचार अब खुलकर नहीं, छिपकर दहाड़ रहा है।

संक्रमण से बचाव के लिये मास्क व सेनेटाइजर वितरित

मड़ावरा, ललितपुर। आज पूरा विश्व कोरोना जैसी घातक बीमारी से लड़ रहा है और उससे बचाव के लिए पूरे भारतवर्ष में पुलिस, स्वास्थ्य, सफाईकर्मियों व पत्रकारों की निष्ठापूर्वक कार्यशैली को देखते हुए हर कोई उन्हें दिल से सम्मान देना चाहता है। वह अपनी जान की परवाह न करते हुऐ लगातार लोगों को कोरोना जैसी भयाभय बीमारी से जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा ने मड़ावरा, गिरार, मदनपुर में पुलिसकर्मियों को मास्क व सेनेटाइजर भेजा। समिति के कार्यकर्ताओं ने तीनों थानों के प्रभारियों को मास्क व सेनेटाइजर दिया। इस अवसर पर मड़ावरा बुंदेलखंड एकीकरण समिति के तहसील अध्यक्ष माखन कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष सीताराम, ब्लाक प्रभारी राकेश तिवारी, गोपाल सहरिया, जगदीश लोधी, बृषभान लोधी आदि उपस्थित रहे।

थाना प्रभारी भगवत सिंह ने मांगा जनसहयोग

गंगोह, सहारनपुर। थाना प्रभारी भगवत सिंह ने एक पोस्टर जारी कर नागरिको से मार्मिक अपील किया

जिसमें लिखा कि मैं भी इंसान हूं। इसके माध्यम से सभी लोगों से जनसहयोग की अपील करते हुए कोतवाल ने कहा कि लॉक डाउन और रमजान के चलते पुलिस की कसरत बढ़ गई है और बड़ी तादाद में फोन सुनने पड़ते हैं। इसके चलते पुलिस को 24 घंटे काम करना पड़ रहा है। सामान्य दिनों के मुकाबले इस समय पुलिस के प्रत्येक जवान को 20 से 22 घंटे काम करना पड़ रहा है जिसमें उन्हें आराम के लिए बहुत कम समय मिलता है।

ऐसे में कोतवाली प्रभारी भगवत सिंह ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें लिखा गया है मैं भी एक इंसान हूं। पुलिस प्रशासन की मदद करो और लॉक डाउन का पालन करें।

अक्षय तृतीया पर पूजा-अर्चना कर जरूरमदों तक पहुंचायी गयी सामग्री

ललितपुर। अक्षय तृतीया पर भगवान की पूजा अर्चना कर गरीबों के लिए मदद पहुंचाने का काम जारी रहा। भगवान ऋषभदेव ने अपने मुनि काल में तपस्या की और 1 दिन आहार चर्या को विधिपूर्वक निकले। 6 माह तक उनकी विधि नहीं मिली। उनकी आहार चर्या की विधि थी गन्ना और गन्ना से संबंधित गुड़ जो 6 माह बाद राजा श्रेयांश के निवास पर मिली जहां उनकी आहार चर्या संपन्न हुई। अक्षय तृतीया का पर्व मुनि श्री के आहार देने का पर्व है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल और जय अंबे रक्तदान समिति ने महावीरपुरा, सरदारपुरा, लकड़हारापुरा, तालाबपुरा में जाकर खाद्य सामग्री बांटा। साथ ही लोगों से आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने को कहा और मास्क दिया। इसी क्रम में अजय जैन ने पुनः लोगों से अपने घरों में सुरक्षित रहने को कहा। इस अवसर पर जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, रवींद्र जैन, आकाश जैन, जितेंद्र राठौर, जित्तू, रवि, राजा, नितिन, आनंद जैन आदि उपस्थित रहे।

राधास्वामी सत्संग व्यास आश्रम में श्रमिकों के लिये बना अस्थायी विश्राम स्थल

विनीत शर्मा

शामली। देश में कोरोना वायरस जैसी घातक बीमारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त देश में लॉक डाउन करने की घोषणा की हुई है। इस कारण हरियाणा में फंसे श्रमिकों को हरियाणा रोडवेज की बसों द्वारा कैराना लाया गया जहां से थर्मल स्कैनिंग व सूची के सत्यापन के बाद उन्हें यूपी रोडवेज की बसों द्वारा यूपी के विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया गया। पिछले सवा महीने से लॉक डाउन के कारण हरियाणा में फंसे यूपी के विभिन्न जिलों के श्रमिकों को सरकार के निर्देश पर यूपी में लाया जा रहा है। रविवार को शामली रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम में श्रमिकों के लिए अस्थायी विश्राम स्थल बनाया गया।रविवार को हरियाणा के विभिन्न जिलों से करीब 850 श्रमिको को लेकर हरियाणा रोडवेज की 28 बसे आश्रम पर पहुंची। यहां पर हरियाणा प्रशासन द्वारा बसो के साथ भेजी गई श्रमिकों की सूची का सत्यापन करने के अलावा स्वास्थ्य विभाग ने श्रमिकों की थर्मल स्कैनिंग करने के बाद उन्हें आश्रम में भेज दिया। आश्रम के अन्दर यूपी के

जिला लखीमपुर खीरी, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशाम्बी, मिर्जापुर आदि 12 जिलों में श्रमिकों को भेजने के लिए 12 टेबल लगायी गई थी। श्रमिकों ने अपने जिलों की टेबलों पर अपना नाम पता नोट कराया। एक जिले के 30 से 32 श्रमिकों के नाम नोट होने के बाद उन्हें यूपी रोडवेज की बसों द्वारा उनके जिलो की और रवाना किया गया। करीब 5 बजे तक 332 श्रमिकों को लेकर बहराइच के लिए 3, लखीमपुर खीरी के लिए 4, रायबरेली के लिए 2, उन्नाव के लिए 1 तथा सीतापुर के लिए 1 बस रवाना हो चुकी थी।

दूसरे चरण में भी जरूरतमंदों को मदद जारी

शुकुल बाजार, अमेठी। स्थानीय क्षेत्र के अहमदपुर में ग्राम प्रधान रण बहादुर यादव द्वारा गरीब व असहाय लोगों को खाद्यान्न सामग्री वितरण कराई गई। उन्होंने ग्रामसभावासियों से लॉक डाउन को सफल बनाने की अपील किया। साथ ही प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की मदद जारी रहेगी। कोई भूखा नहीं सोएगा। खाद्यान्न पाकर गरीब असहाय लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने लोगों से अपील किया कि बिना किसी आवश्यकता के घर से बाहर न निकलें।

कार्यालयः ग्राम पंचायत गोड़िला, वि.खं. शाहगंज, जनपद जौनपुर

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/१४वां वित्त एवं मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से नाली, खड़ंजा, पुलिया, आंगनवाड़ी केन्द्र, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, सौर ऊर्जा स्थापना, पंचायत भवन मरम्मत/निर्माण, सोख्ता गड्ढा, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, ए.एन.एम. सेण्टर की बाउण्ड्रीवाल, विद्यालय का कायाकल्प, ग्रीन बोर्ड, डेस्क, बेंच, दिशासूचक बोर्ड, टाइल्स, फागिंग मशीन, आंगनवाड़ी के लिये निम्न सामग्री, इण्टरलाकिंग, सामूहिक शौचालय निर्माण, खेलकूद मैदान, खेलकूद सामग्री, पंचायत भवन निर्माण, सुन्दरीकरण, कोविड १९ सिनेटाइजेशन, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, गोशाला निर्माण, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, तालाब इत्यादि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिये ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक २७.०४.२०२० से दिनांक ०१.०५.२०२० को अपरान्ह ४ बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है जो ०२.०५.२०२० को अपरान्ह २ बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेण्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेण्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय सेड इत्यादि की आवश्यकता होगी।

अतः ग्रामसभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु अपना दर प्रस्तुत करें।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लम्बाई	दर
१.	ईंट १५० एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईंट	प्रति हजार	
२.	सीमेण्ट	प्रति बैग	
३.	मोरंग बालू	प्रति घन मी.	
४.	महीन बालू	प्रति घन मी.	
५.	स्टोन ब्लास्ट २२.४ एम.एम. से ५३ एम.एम. (अलग-अलग)	प्रति घन मी.	
६.	ईंट गिट्टी २० एम.एम./४. एम.एम.	प्रति घन मी.	
७.	सरिया	प्रति कुन्तल	
८.	ह्यूम पाइप ३५० एम.एम. एन.पी. श्री	प्रति नग	
९.	ह्यूम पाइप ६००/६०० एम.एम.	प्रति नग	
१०.	सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट	प्रति नग	
११.	इण्टरलाकिंग ईंट	प्रति हजार	
१२.	शौचालय सामग्री	प्रति नग	
१३.	पत्थर पटिया विभिन्न साइज	प्रति नग	
१४.	इण्डिया मार्का टू हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति नग	
१५.	चूना, पेण्ट इत्यादि	प्रति नग	
१६.	डेस्क, बेंच सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	
१७.	कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव से सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	

नियम एवं शर्तें- १- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। २- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं। ३- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। ४- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। ५- सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा ५० रूपये के स्टाम्प पेपर पर बाण्ड भरना अनिवार्य होगा, तदोपरान्त आपूर्ति जारी किया जायेगा। ६- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा। ७- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में, रजिस्ट्रेशन विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकरदाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। ८- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक न हो। ९- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा की जानी अनिवार्य होगी। १०- सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। ११- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार हथोहस्ताक्षरी का होगा।

राम अवध भारती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोड़िला
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

लक्ष्मी चन्द्र
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गोड़िला
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/२०२०-२१, दिनांक........

कार्यालयः ग्राम पंचायत बड़ागांव, वि.खं. शाहगंज, जनपद जौनपुर

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/१४वां वित्त एवं मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से नाली, खड़ंजा, पुलिया, आंगनवाड़ी केन्द्र, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, सौर ऊर्जा स्थापना, पंचायत भवन मरम्मत/निर्माण, सोख्ता गड्ढा, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, ए.एन.एम. सेण्टर की बाउण्ड्रीवाल, विद्यालय का कायाकल्प, ग्रीन बोर्ड, डेस्क, बेंच, दिशासूचक बोर्ड, टाइल्स, फागिंग मशीन, आंगनवाड़ी के लिये निम्न सामग्री, इण्टरलाकिंग, सामूहिक शौचालय निर्माण, खेलकूद मैदान, खेलकूद सामग्री, पंचायत भवन निर्माण, सुन्दरीकरण, कोविड १९ सिनेटाइजेशन, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, गोशाला निर्माण, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, तालाब इत्यादि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिये ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक २७.०४.२०२० से दिनांक ०१.०५.२०२० को अपरान्ह ४ बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है जो ०२.०५.२०२० को अपरान्ह २ बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेण्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेण्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय सेड इत्यादि की आवश्यकता होगी।

अतः ग्रामसभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु अपना दर प्रस्तुत करें।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लम्बाई	दर
१.	ईंट १५० एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईंट	प्रति हजार	
२.	सीमेण्ट	प्रति बैग	
३.	मोरंग बालू	प्रति घन मी.	
४.	महीन बालू	प्रति घन मी.	
५.	स्टोन ब्लास्ट २२.४ एम.एम. से ५३ एम.एम. (अलग-अलग)	प्रति घन मी.	
६.	ईंट गिट्टी २० एम.एम./४. एम.एम.	प्रति घन मी.	
७.	सरिया	प्रति कुन्तल	
८.	ह्यूम पाइप ३५० एम.एम. एन.पी. श्री	प्रति नग	
९.	ह्यूम पाइप ६००/६०० एम.एम.	प्रति नग	
१०.	सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट	प्रति नग	
११.	इण्टरलाकिंग ईंट	प्रति हजार	
१२.	शौचालय सामग्री	प्रति नग	
१३.	पत्थर पटिया विभिन्न साइज	प्रति नग	
१४.	इण्डिया मार्का टू हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति नग	
१५.	चूना, पेण्ट इत्यादि	प्रति नग	
१६.	डेस्क, बेंच सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	
१७.	कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव से सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	

नियम एवं शर्तें- १- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। २- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं। ३- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। ४- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। ५- सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा ५० रूपये के स्टाम्प पेपर पर बाण्ड भरना अनिवार्य होगा, तदोपरान्त आपूर्ति जारी किया जायेगा। ६- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा। ७- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में, रजिस्ट्रेशन विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकरदाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। ८- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक न हो। ९- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा की जानी अनिवार्य होगी। १०- सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। ११- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार हथोहस्ताक्षरी का होगा।

मो. अजहर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बड़ागांव
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

लक्ष्मी चन्द्र
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बड़ागांव
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/२०२०-२१, दिनांक........

कार्यालयः ग्राम पंचायत खनुवाई, वि.खं. शाहगंज, जनपद जौनपुर

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/१४वां वित्त एवं मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से नाली, खड़ंजा, पुलिया, आंगनवाड़ी केन्द्र, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, सौर ऊर्जा स्थापना, पंचायत भवन मरम्मत/निर्माण, सोख्ता गड्ढा, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, ए.एन.एम. सेण्टर की बाउण्ड्रीवाल, विद्यालय का कायाकल्प, ग्रीन बोर्ड, डेस्क, बेंच, दिशासूचक बोर्ड, टाइल्स, फागिंग मशीन, आंगनवाड़ी के लिये निम्न सामग्री, इण्टरलाकिंग, सामूहिक शौचालय निर्माण, खेलकूद मैदान, खेलकूद सामग्री, पंचायत भवन निर्माण, सुन्दरीकरण, कोविड १९ सिनेटाइजेशन, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, गोशाला निर्माण, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, तालाब इत्यादि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिये ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक २७.०४.२०२० से दिनांक ०१.०५.२०२० को अपरान्ह ४ बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है जो ०२.०५.२०२० को अपरान्ह २ बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेण्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेण्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय सेड इत्यादि की आवश्यकता होगी।

अतः ग्रामसभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु अपना दर प्रस्तुत करें।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लम्बाई	दर
१.	ईंट १५० एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईंट	प्रति हजार	
२.	सीमेण्ट	प्रति बैग	
३.	मोरंग बालू	प्रति घन मी.	
४.	महीन बालू	प्रति घन मी.	
५.	स्टोन ब्लास्ट २२.४ एम.एम. से ५३ एम.एम. (अलग-अलग)	प्रति घन मी.	
६.	ईंट गिट्टी २० एम.एम./४. एम.एम.	प्रति घन मी.	
७.	सरिया	प्रति कुन्तल	
८.	ह्यूम पाइप ३५० एम.एम. एन.पी. श्री	प्रति नग	
९.	ह्यूम पाइप ६००/६०० एम.एम.	प्रति नग	
१०.	सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट	प्रति नग	
११.	इण्टरलाकिंग ईंट	प्रति हजार	
१२.	शौचालय सामग्री	प्रति नग	
१३.	पत्थर पटिया विभिन्न साइज	प्रति नग	
१४.	इण्डिया मार्का टू हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति नग	
१५.	चूना, पेण्ट इत्यादि	प्रति नग	
१६.	डेस्क, बेंच सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	
१७.	कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव से सम्बन्धित सामग्री	प्रति नग	

नियम एवं शर्तें- १- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। २- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं। ३- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। ४- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। ५- सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा ५० रूपये के स्टाम्प पेपर पर बाण्ड भरना अनिवार्य होगा, तदोपरान्त आपूर्ति जारी किया जायेगा। ६- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा। ७- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में, रजिस्ट्रेशन विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकरदाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। ८- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक न हो। ९- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा की जानी अनिवार्य होगी। १०- सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। ११- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार हथोहस्ताक्षरी का होगा।

बिट्ठन राम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खनुवाई
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

लक्ष्मी चन्द्र
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खनुवाई
विकास खण्ड शाहगंज, जनपद जौनपुर।

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/२०२०-२१, दिनांक........

जंग में डटे चिकित्सकों व पुलिसकर्मियों को व्यापार मण्डल ने किया सम्मानित

लोकेश मिश्रा

बाघराय, प्रतापगढ़। स्थानीय क्षेत्र के थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव मय हमराही व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय के अधीक्षक डा. शबीव हैदर अपनी पूरी टीम के साथ गांवों व बाजारों में भ्रमण करके कोरोना वायरस से बचने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बताते चलें कि पुलिस व स्वास्थ्य विभाग अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों के बीच जाकर कोरोना से बचने के लिए सुझाव सलाह सुरक्षा मुहैया करा रहे हैं। इसको देखते हुये बाघराय व्यापार मंडल ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ बाघराय बाजार में पुलिस व स्वास्थ्य टीम पर पुष्पवर्षा करने के साथ ही माल्यार्पण कर उनका मान बढ़ाया। साथ ही सोशल डिस्टेंसिग को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्ष बाघराय रवींद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक अखिलेश प्रसाद, उपनिरीक्षक प्रकाश नारायण, उपनिरीक्षक गिरीशधर दुबे, उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह, संतोष कुमार और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाघराय के अधीक्षक डा. शबीव हैदर, फार्मासिस्ट रामसूरत यादव, समाजसेवी गिरीश तिवारी, अजय सिंह को सम्मानित किया गया। सम्मान करने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष बांके लाल चौरसिया, संरक्षक देवीशंकर मिश्रा, राम खेलावन यादव, महामंत्री अनिल पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार राम प्रसाद यादव, पत्रकार रजत दुबे, अल्पनाथ त्रिपाठी, राकेश केसरवानी, घंटी केसरवानी, प्रमेंद्र द्विवेदी आदि प्रमुख रहे। व्यापारियों ने उपरोक्त लोगों को माल्यार्पण करने के साथ ही अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र भेंट किया। इस अवसर पर आद्या प्रसाद राय, राहुल केसरवानी, साजू तिवारी, राहुल मिश्रा, बब्बू शुक्ला, जगदीश मिश्रा, आनंद तिवारी, सुरेश तिवारी, मकसूद अहमद, शंकर लाल गुप्ता, जग नारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

प्रतीक्षा बनीं चिकित्सा अधिकारी

चिलकाना,पठेड़। एक कुल को नहीं, बल्कि दो-दो कुल को रोशन करती है बेटियां। जी हाँ, ऐसा ही कुछ कर दिखाया है पठेड़ की प्रतीक्षा पत्नी डा. अरुण सैनी ने जिनका चयन लोक सेवा आयोग द्वारा चिकित्सा अधिकारी के पद पर हुआ।

पता चला कि डा. प्रतीक्षा का जिला सहारनपुर में अकेली का चयन होने से पठेड़ गाँव वालों मे खुशी की लहर है। डा. प्रतीक्षा के माता-पिता ने हरिद्वार से ही उनको फोन कर बधाई दिया। वहीं डा. प्रतीक्षा ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का आशीर्वाद व उनकी कठिन परिश्रम व उनके सुसराल वालों का सहयोग है।

मानवता को चरितार्थ कर रहे समाजसेवी डा. अजय सहि उनकी टीम

आदित्य बरनवाल

अमेठी। महामारी को लेकर समाजसेवी डा. अजय अपनी

टीम के साथ 2000 समाजवादी राहत खाद्य सामग्री पैकेट वितरण का वीणा उठाया है जिसमें 3 किलो चावल, 3 किलो आटा, 3 किलो आलू, आधा किलो अरहर की दाल, ढाई सौ ग्राम तेल, आधा किलो नमक, दो पैकेट मसाला है। ऐसी स्थिति में लोगों से अपील किया कि अपने घरों में रहें। प्राथमिकता में विधवा एवं विकलांग को राहत सामग्री दी गयी। उन्होंने बताया कि अमेठी में 1000 राहत सामग्री एवं सुल्तानपुर जिले में 1000 जिसमें बीही निदुरा, सोरांव, दखिनगांव, हैधना खुर्द, सिंघनी, नंदराई, पासी का पुरवा, गोविंदपुर, मिझूठी, देवरा में बांटी गयी। उन्होंने बताया कि उनके सहयोगी अयूब खान, सूर्य नारायण, भोलेनाथ, जीतू, सुनील, सोनू, मोनू, अमरनाथ आदि हैं।

सेना ने मनाया परशुराम का जन्मोत्सव

प्रतापगढ़। परशुराम सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अगुवाई में जिला प्रभारी अनिल पांडेय, जिला उपाध्यक्ष संतोष मिश्र, यूथ जिला उपाध्यक्ष अरुण उपाध्याय, संयोजक सदर विवेक टोनी आदि ने प्रदीप शुक्ला के शिवजीपुरम स्थित आवास पर

भगवान विष्णु जी के छठें अवतार महर्षि जमदग्नि व माता रेणुका के सुपुत्र भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनका जन्मोत्सव मनाया। सभी लोगों ने देशवासियों से शाम 7 बजे अपने घर की बालकनी आदि पर 5 दिए जलाकर भगवान परशुराम का जन्मदिन का लॉक डाउन का पालन करके मनाने की अपील किया जिसका तमाम लोगों ने पालन भी किया। इस अवसर पर युवा नेता अभिषेक मिश्रा, कांग्रेस युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी, डा. गौरव त्रिपाठी, अच्युता पांडेय, मनीष दुबे आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोरनटाइन हुए सिपाहियों का जाना कुशल क्षेम

वाराणसी। जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी ने आज उन सिपाहियों को जाकर देखा उनका हाल चाल लिया जो पॉजिटिव पाए गए सिपाहियों के साथ बैरेक में रह रहे थे उन 6 सिपाहियों को कोरंटाइन किया गया है । आला अधिकारियों ने सिपाहियों को समझाया कि आप लोगों को कोरंटाइन करके सुरक्षित किया गया है, दूरी बनाकर रहें, मास्क लगाकर रखें और सादा भोजन लें चिंता करने की कोई बात नहीं है 14 दिनों बाद आप सामान्य रुप से रह सकेंगे। इस तरह से आपका परिवार और सब सेफ रहेंगे। इसके पश्चात् पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय जा कर उनका हाल जाना जहां पर पाज़िटिव पाये गये 7 सिपाहियों का आइसोलेशन वार्ड में इलाज चल रहा है। इसके साथ ही अन्य आइसोलेशन के मरीजों के

इलाज के बारे में मौके पर मौजूद डाक्टरों से जानकारी ली।

कार्यालयः ग्राम पंचायत छभवा, वि.खं. शाहगंज, जनपद जौनपुर

अल्पकालिक निविदा

